राजस्थान फाउण्डेशन
Rajasthan Foundation

December, 2009

Rajasthan Foundation Newsletter
राजस्थान फ़ाउण्डेशन पत्रिका

# ऊर्जावान राजस्थान



ऊर्जा किसी भी राष्ट्र व प्रदेश के सामाजिक व आर्थिक विकास के लिये एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण संसाधन है। गत वर्षों से राजस्थान ने ऊर्जा क्षेत्र में नीतिगत व अन्य सुधार कार्यों में कई पहल की हैं जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

राज्य सरकार ने हाल ही में एक नये सिरे से बिजली की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में कई प्रयास किये हैं। इनमें चालू इकाइयों की क्षमता का विस्तार, नई उत्पादन इकाइयों की स्थापना, वितरण व प्रसारण व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण व गैर परम्परागत स्त्रोतों को बढ़ावा देने जैसे कई प्रयास शामिल हैं।

बिजली की विपुल उपलब्धता प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा देगी जिससे न केवल प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। गाँवों में सिंचाई व अन्य सुविधाओं के लिये बिजली प्राप्त होने से आर्थिक व सामाजिक विकास होगा।

राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत राजस्थान के सभी जिलों के लिए 41 योजनाएँ हैं जिसमें 4455 बिजली रहित गाँव व 7238 ढ़ाणियाँ शामिल हैं। ये योजनाएँ 2276929 घरों को लाभान्वित करेंगी जिनमें 1750628 बी पी एल घर शामिल हैं।

## सौर ऊर्जा

राजस्थान सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। वर्तमान में ऊर्जा उत्पादन हेतु 72 कम्पनियाँ 2500 मेगा वॉट बिजली उत्पादन क्षमता के लिये राजस्थान रिन्युएबल एनर्जी कॉर्पोरेशन के साथ पंजीकरण करवा चुकी हैं।

56 मेगावॉट क्षमता की स्थापना के प्रस्ताव स्वीकृत हो चुके हैं और 110 मेगावॉट के प्रस्ताव स्वीकृति के लिये विचाराधीन हैं।

इस क्षेत्र में निवेश के लिये विभिन्न वित्तीय व अन्य प्रोत्साहन योजनायें भी हैं।




"राजस्थान भौगोलिक रूप से गैर परम्परागत ऊर्जा, विशेषतः सौर ऊर्जा के उत्पादन में अग्रणी होने की क्षमता रखता है।"

अशोक गहलोत
मुख्य मंत्री, राजस्थान



राज्य के सूरतगढ़ व कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन को देश में बेहतरीन पावर प्लान्ट्स का स्थान प्राप्त है और इन्हें समय-समय से अपनी उत्कृष्ट उत्पादकता के लिए विद्युत मंत्रालय भारतीय सरकार द्वारा कई पुरस्कार दिये जा चुके हैं।



शहरी इलाकों में भी मौजूदा प्रसारण प्रणाली को बेहतरीन प्रौद्योगिकियों जैसे GIS सब-स्टेशन SCADA/ऑटोमेशन सिस्टम्स, EHV केबल्स आदि से सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राज्य में 34 'एण्टी-पावर थेफ्ट' पुलिस स्टेशन स्थापित व कार्यरत हैं।

ऊर्जा क्षेत्र में ग्यारहवीं पंच वर्षीय योजना के अन्तर्गत 25,960 करोड़ रूपयों के निवेश का प्रावधान है। इस योजना में:

- उत्पादन में रु.11443 करोड़,
- प्रसारण में रु.6600 करोड़, एवं
- वितरण में रु.7547 करोड़ निर्धारित हैं।

राज्य में बिजली आपूर्ति की स्थिति पड़ोसी राज्यों से बेहतर है और कृषि के लिए बिजली सप्लाई 6-7 घण्टे की जा रही है। विद्युतीकृत गाँवों में घरेलू सप्लाई आस-पास के शहरों के समकक्ष है।

राज्य में वर्तमान में चालू ऊर्जा उत्पादन इकाइयों की क्षमता में विस्तार में कुल 9885 MW के विस्तार की योजना है। जिसमें राज्य की परियोजनाओं में 500 MW, केन्द्रीय क्षेत्र में 250 MW, IPP परियोजनाओं में 2535 MW, पवन ऊर्जा, बायोमास (जैव मास), सौर शक्ति में 21 MW का विस्तार शामिल है।



राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना की प्रगति एक नजर में:

- 2070 गाँवों का विद्युतीकरण
- 584305 बीपीएल परिवारों को लाभ
- 468552 ग्रामीण परिवारों को लाभ
- 3598 ढ़ाणियों का विद्युतीकरण
- 16044 गाँवों का गहन विद्युतीकरण

## ऊर्जा की आपूर्ति में साल दर साल वृद्धि

| | |
|---|---|
| 2006-07 | 32171 MU |
| 2007-08 | 36250 MU |
| 2008-09 | 38156 MU |

## राज्य की आगामी विद्युत परियोजनाएँ

| | |
|---|---|
| धौलपुर गैस आधारित परियोजना (द्वितीय चरण) | 3x110 MW |
| केशोराय पाटन गैस आधारित परियोजना (बूंदी) | 3x110 MW |
| सूरतगढ़ (इकाई 9&10) | 2x660 MW |
| कालीसिन्ध (इकाई 3&4) | 2x660 MW |
| रामगढ़ गैस आधारित परियोजना | 110+50 MW |
| बाँसवाड़ा परियोजना | 2x660 MW |

## New Industrial Policy on Anvil



**Mr. Rajendra Pareek**
**Industries & NRI Minister**

The Government of Rajasthan sees investment and industrial development as a powerful precursor to overall development. It is working on making the business environment in the state more conducive for new and existing businesses.

A new comprehensive Industrial Policy is being formulated, that will chart out a new course not only for industrial development but also for the overall socio-economic development in the state.

# From the Commissioner's Desk

My Dear Rajasthanis,

It is a pleasure for me to connect with all of you yet again through this platform of Rajasthan Foundation.

The journey that started in September 2000 at the International Rajasthani Conclave (IRC) has indeed come a long way. I was fortunate to be a part of the IRC as the Commissioner. You would recall, it was at the IRC that the Hon'ble Chief Minister, Shri Ashok Gehlot had announced the setting up of the Foundation.

Since then, nine chapters have been set up in India and abroad including the ones in London & New York.

I eagerly await your valuable ideas and feedback on how the activities and initiatives of Rajasthan Foundation can help in meeting your expectations. Please feel free to write to me at rajfound-rj@nic.in

I take this opportunity to invite all of you to the upcoming Pravasi Bharatiya Divas (PBD) at New Delhi on 7th-9th January 2010. Government of Rajasthan is a partner state at the PBD and our team of officers would look forward to welcoming you at the Rajasthan Pavilion there.

Warm Regards
Dr. Purushottam Agarwal
Commissioner,
Rajasthan Foundation

## राजस्थान फ़ाउण्डेशन के सौजन्य से
# विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश वितरण

राजस्थान फ़ाउण्डेशन के प्रयास से कोलकाता स्थित मामराज अग्रवाल फ़ाउण्डेशन जो कि शिक्षा क्षेत्र में विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए विभिन्न कार्यक्रम यथा मेधावी छात्रों को नकद छात्रवृत्ति, प्रशस्ति पत्र एवं गणवेश वितरण आदि करता है, द्वारा इसी क्रम में जयपुर में दिनांक 06-10-2009 को राजकीय महाराजा उच्च प्राथमिक विद्यालय, हवामहल परिसर के 240 विद्यार्थियों को स्कूली गणवेश एवं पोषाहार का वितरण किया गया। समारोह में अतिथियों के स्वागत के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ तथा विद्यालय प्रशासन द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। राजस्थान फ़ाउण्डेशन के आग्रह पर विद्यालय में शुद्ध व शीतल पेयजल की व्यवस्था हेतु मामराज अग्रवाल फ़ाउण्डेशन द्वारा वाटर कूलर भेंट करने की भी घोषणा की गई।

समारोह के मुख्य अतिथि मामराज अग्रवाला थे तथा अध्यक्षता राजस्थान फ़ाउण्डेशन के कार्यकारी निदेशक डॉ. देवेश सूद ने की, कार्यक्रम में राजस्थान फ़ाउण्डेशन के वरिष्ठ कार्यकारी राजेश शर्मा के साथ श्री बी. एन. अग्रवाल, एवं जिला शिक्षा अधिकारी कुमकुम जोशी आदि उपस्थित थे।




श्री मामराज अग्रवाल छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए



# Dr. Purushottam Agarwal joins Rajasthan Foundation as Commissioner

Dr. Purushottam Agarwal, a senior IAS officer (1983 Batch), has recently joined as the Commissioner, Rajasthan Foundation. He has held various posts of responsibility in Government, including Principal Secretary to Government, Command Area Development & Programme Implementation, Jaipur; Chairman, Rajasthan State Pollution Control Board; Secretary to Government, Finance (Revenue) Department, Small Industries, Khadi & Gramodhyog Department; Commissioner, International Rajasthani Conclave-2000; Special Secretary to Government, General Administration & Cabinet Secretariat, Civil Aviation; Home Department, Ayurved & Family Welfare Department; to name a few. Earlier also, he has held the position of Commissioner, Rajasthan Foundation. Besides having this vast administrative experience, he possesses the professional degree of Law, MBA (Hull University, U.K.). Under his dynamic leadership, Rajasthan Foundation is sure to achieve its objective.



## राजस्थानी सम्मेलन
# जुलाई में न्यूयॉर्क में

नार्थ अमेरिका में प्रवास कर रहे राजथानी समूह द्वारा आयोजित किया जाने वाला वार्षिक आयोजन ''अन्तर्राष्ट्रीय राजस्थानी सम्मेलन'', इसकी अधिकृत संस्था राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका (राना) द्वारा जुलाई 2010 में न्यूयार्क में आयोजित किया जाएगा। राना के अनुसार राज्य के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इस सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने की स्वीकृति दी है। राना के अध्यक्ष राजीव गर्ग व मीडिया चेयरमैन प्रेस भण्डारी ने न्यूयॉर्क में इसकी अधिकृत घोषणा की।

## मामराज अग्रवाल फाउण्डेशन द्वारा
# राजस्थान के मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरण



महामहिम पूर्व राज्यपाल श्री एस के सिंह छात्रों को पुरस्कार देते हुए

राजस्थान में सीकर जिले के मूल निवासी तथा वर्तमान में कोलकाता के रहवासी श्री मामराज अग्रवाला द्वारा स्थापित मामराज अग्रवाल फाउण्डेशन जो कि विगत बारह वर्षों से पश्चिम बंगाल के मेधावी विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए विभिन्न कार्यक्रम यथा मेधावी छात्रों को नकद छात्रवृति, प्रशस्ति पत्र एवं गणवेश वितरण आदि कार्यक्रम करता है द्वारा तत्कालीन राज्यपाल श्री शीलेन्द्र कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में राजभवन में भव्य कार्यक्रम में बोर्ड की विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा परिणामों में मैरिट प्राप्त 97 विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार 5000/- एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। समारोह में राज्य की तत्कालीन प्रथम महिला श्रीमती मंजू सिंह भारत सरकार के सड़क राज्य मंत्री महादेव सिंह खण्डेला, राज्य के शिक्षा मंत्री भंवरलाल मेघवाल एवं मेधावी विद्यार्थीगण व उनके परिजनों के साथ लगभग 400 गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि उक्त प्रतिभा सम्मान समारोह राजस्थान फाउण्डेशन की प्रेरणा से विगत आठ वर्षों से राजस्थान के महामहिम राज्यपाल के अधिकारिक निवास राजभवन, में गरिमापूर्ण रूप में आयोजित किया जाता रहा है।

### वैबपोर्टल पर निःशुल्क सदस्यता की सुविधा

राजस्थान फ़ाउण्डेशन समस्त प्रवासी राजस्थानी बन्धुओं से आग्रह करता है कि वे फ़ाउण्डेशन के वेबपोर्टल पर उपलब्ध रजिस्ट्रेशन फार्म भरकर सदस्य बनें जिससे वे राज्य एवं फ़ाउण्डेशन की गतिविधियों से समय-समय पर अवगत हो सकें।

Rajasthan Foundation looks forward to hearing from you. Kindly get in touch with us at
Rajasthan Foundation, Yojana Bhawan, Yudhishthir Marg, C-Scheme, Jaipur 302005, Rajasthan India.
Tel: +91 141 2229091, Commissioner (Direct): +91 141 2229111,
Executive Director (Direct): + 91 141 2229444, Fax: +91 141 5113224
E-mail: rajfound-rj@nic.in www.rajasthanfoundation.org

Layout by MERCURY | Printed at Kumar & Co. | Dec 2009 | For Private Circulation